
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 27.06.2022 से 02.07.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## कैबिनेट बैठक
(दिनांक 27.06.22)



**विषय: कैबिनेट बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ स्थित सचिवालय में कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें

- हरियाणा राज्य डाटा सेंटर नीति, 2022 को स्वीकृति प्रदान की गई। जिसके तहत हरियाणा को डेटा सेंटर उद्योग के स्थल के रूप में विकसित करने और हरियाणा को वैश्विक डेटा सेंटर हब के रूप में स्थापित किया जाएगा। इस नीति का उद्देश्य दुनिया के मुख्य उद्यमियों को उद्योग व व्यापार वातावरण प्रदान करके आकर्शित करना और हरियाणा में 115–120 नए डाटा सेंटर की स्थापना की सुविधा प्रदान करना है। इन डाटा सेंटरों के स्थापित होने से 7500 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है।
- माता भीमेश्वरी देवी मंदिर बेरी अधिनियम 2022' को मंजूरी दी गई।
- हरियाणा सिविल सेवा (अवकाश) नियम, 2016 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई। जिसके तहत अब एकल पुरुश सरकारी कर्मचारी को भी दो साल की छुट्टी बच्चों की देखभाल के लिए ले सकेगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

- अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की नीति को मंजूरी प्रदान की गई। जिसमें हरियाणा राज्य में नगर पालिका क्षेत्र के बाहर बुनियादी ढांचे की कमी वाले क्षेत्रों में आवष्यक सेवाओं और नागरिक सुविधाओं के प्रावधान तथा अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की नीति को मंजूरी दी गई।यह नीति नगरपालिका सीमा सेबाहर के क्षेत्र में लागू होगी और इससे लगभग 2,000 अनधिकृत कॉलोनियों को लाभ होगा।
- हरियाणा इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति 2022 को मंजूरी दी गई। साथ ही वर्श 2022 को हरियाणा में 'इलेक्ट्रिक वाहनों का वर्श' घोषित किया जाएगा। ईवी नीति का उद्देश्य पर्यावरण को सरंक्षित करना, कार्बन फुटप्रिंट को कम करना, हरियाणा को ईवी मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना, ईवी क्षेत्र में कौशल विकास सुनिष्चित करना, ईवी वाहनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना, ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करना और ईवी तकनीक में अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करना है।

इसके अनुसार 20 वर्ष की अवधि के लिए विद्युत शुल्क में छूट के साथ स्टाम्प शुल्क की शत–प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाएगी।

- घर जाकर ही बुढ़ापा पेंशन बनाने के निर्णय पर मोहर लगाई गई। जिसके तहत वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना की प्रक्रिया में बदलाव करने का निर्णय लिया है। अब वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के लिए नागरिक सेवा केन्द्र (सीएसई),अंत्योदय केंद्र या किसी अन्य सरकारी कार्यालय में बार–बार चक्कर नहीं काटने पडेंगे।

नई प्रक्रिया के तहत, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के तहत पात्र व्यक्ति को अपनी पात्रता निर्धारित करने के लिए बस परिवार पहचान पत्र संख्या की आवष्यकता होगी।

इसके साथ ही नई हरियाणा राज्य स्टार्टअप नीति 2022 को मंजूरी प्रदान की गई। जिसमें हरियाणा सरकार ने राज्य में स्टार्टअप्स स्थापित करने को सुगम बनाने के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया है। हरियाणा को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए राज्य ने व्यापक नीतिगत सुधार किए हैं। हरियाणा सरकार ऐसे युवा उद्यमियों को एक मजबूत नीति पारिस्थितिकी तंत्र, मजबूत बुनियादी ढांचा और उदार नियामक मानदंड प्रदान करके उनकी क्षमता को गति देने की ईच्छुक है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मुख्यमंत्री घोषणाओं (सीएम अनाउंसमेंट) की समीक्षा बैठक

(दिनांक 27.06.22)



**विषय: मुख्यमंत्री घोषणाओं (सीएम अनाउंसमेंट) की समीक्षा बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से की गई विकास के कार्यों की घोशणाओं प समीक्षा की। और सभी अधिकारीयों को लंबित पड़ी शिकायतों को जल्द से जल्द पूरा करने और इसके लिए आ रही अड़चनों को दूर करने को कहा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विकास परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए जिन क्षेत्रों में जमीन की आवष्यकता है उसे ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से ही लिया जाए ताकि योजनाओं को जल्द पूरा कर जनता को लाभ दिया जा सके। इसके अलावा योजनाओं के लिए पत्राचार करने के साथ–साथ अधिकारी व्यक्तिगत स्तर पर मौके का मुआयना करके तुरंत प्रभाव से सरकार को रिपोर्ट सौंपे ताकि योजनाओं का जल्द क्रियान्वयन सुनिष्चित हो सके।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जिलों में विभिन्न दौरों के दौरान अब तक 9128 घोषणाएं की

गई हैं जिनमें से 5947 पूरी की जा चुकी हैं। इसके अलावा 1445 घोषणाओं पर कार्य प्रगति पर है तथा 1359 घोषणाएं लम्बित हैं जिन पर जल्द से जल्द कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि पानीपत के कालाम्ब में भारतीय हीरोज और योद्वा स्मारक स्थल के विस्तार तथा कुरूक्षेत्र में बनाए जाने वाले सिख म्यूजिम के लिए संबंधित अधिकारी दौरा करके दो दिन में रिपोर्ट सौपें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रोड़ के साथ लगते दायरे में आने वाली दुकानों को नियमित करने के लिए सर्वे करवाकर नीति तैयार की जाए। मुख्यमंत्री जी कुरूक्षेत्र में शाहबाद रोड़ और बरवाला रोड़ की दुकानों के लिए की गई घोषणाओं की समीक्षा कर रहे थे। इसके अलावा मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अगले माह के दौरान विधानसभा अनुसार संबंधित विधायकों के साथ मुख्यमंत्री घोषणाओं की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा सभी विभागाध्यक्ष भी मुख्यमंत्री घोषणाओं की नियमित मोनिटरिंग करें ताकि इन्हें जल्द पूरा किया जा सके।

## हाईपावर लैंड परचेज कमेटी की बैठक
(दिनांक 27.06.22)



**विषय: हाईपावर लैंड परचेज कमेटी की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हाईपावर लैंड परचेज कमेटी की बैठक हुई। जिसके तहत जमीनों के कारण रुके हुए विभिन्न प्रोजेक्ट के लिए जमीन ख़रीद को मंजूरी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ई–भूमि पोर्टल पर रजिस्टर्ड जमीनों की रजिस्ट्रेशन संबंधी प्रक्रिया को जिला उपायुक्त जल्द

से जल्द पूरा करें। इसके साथ–साथ जो किसान अलग–अलग प्रोजेक्ट को लेकर जमीन देने के इच्छुक हैं, उनसे तत्काल तहसीलदार की मौजूदगी में जमीन संबंधी हस्ताक्षर करवाए जाएं।

बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग (भवन और सड़कें) के 6 प्रोजेक्ट के लिए 181.98 एकड़ जमीन की खरीद की गई। इस जमीन को 157.38 करोड़ रुपये में खरीदा गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा अम्बाला में टांगरी नदी पर लाल्या से छोटा बरोला तक रोड बनाने के लिए 0.6 एकड़ जमीन की जरुरत थी। इस जमीन को 18.6 लाख रुपये में खरीदा गया है। इसी तरह लोक निर्माण विभाग द्वारा ही झज्जर में मछरौली से पतसनी तक नया रोड बनाने के लिए 3.6875 एकड़ जमीन की जरुरत थी। ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से इस जमीन को 92.19 लाख रुपये में खरीदा गया है।

इसके साथ–साथ लोक निर्माण विभाग द्वारा झज्जर के छुछकवास बाईपास के फोर लाइन रोड बनाने के लिए 26.89 एकड़ जमीन की जरुरत थी। इस जमीन को 860.80 लाख रुपये तथा माजरा दुबलधन से जठेला धाम तक रोड बनाने के लिए 2.8938 एकड़ जमीन की जरुरत थी। इस जमीन को 101.28 लाख रुपये में खरीदा गया है। हिसार जिले में एनएच–9 से एनएच–52 तक फोर लेन रोड बनाने के लिए 120 एकड़ जमीन की जरुरत थी। इस जमीन को 13200 लाख रुपये में खरीदा गया है। सोनीपत जिले में एनएच–44 से एनएच 334 बी तक रोड बनाने के लिए 28 एकड़ जमीन की आवष्यकता थी। इस जमीन को अलग–अलग गांव के ग्रामीणों से 1465.20 लाख रुपये में खरीदा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ई–भूमि पोर्टल के माध्मय से अलग–अलग प्रोजेक्ट के लिए जमीन खरीदी जा रही है। इससे पार्दर्शिता के साथ–साथ किसानों को भी लाभ हो रहा है। अभी तक हरियाणा सरकार ने इस पोर्टल के माध्यम से 60 प्रोजेक्ट कि लिए रेट तय किए हैं, जिसके तहत 1154 एकड़ जमीन को फाइनल किया गया। इस जमीन को 554.76 करोड़ रुपये में खरीदा गया है। इससे सरकार के अलग–अलग प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने में मदद मिली है।

# सूक्ष्म सिंचाई की 7500 प्रदर्शन परियोजना के उद्घाटन समारोह

(दिनांक 28.06.22)




**विषय: सूक्ष्म सिंचाई की 7500 प्रदर्शन परियोजना के उद्घाटन समारोह।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज अपनी पानी बचाने की मुहिम के तहत एक और क़दम बढ़ाते हुए सूक्ष्म सिंचाई प्रदर्शन परियोजनाओं की शुरूआत की। जिसके तहत आज पंचकूला से 100 फुट से ज्यादा गहरे भूमिगत जल वाले गांवों के लिए सूक्ष्म सिंचाई की 7500 प्रदर्शन परियोजना का उद्घाटन किया और हरियाणा के प्रगतिशील किसानों से बात की।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सूक्ष्म सिंचाई से लगभग 50 से 60 प्रतिशत पानी की बचत होती है। इसे सभी किसान भाइयों को अपनाना चाहिए। मुख्यमंत्री जी से बात करते हुए प्रगतिशील किसान हक्कम सिंह जिला यमुनानगर ने बताया कि वह 21 एकड़ भूमि पर सूक्ष्म सिंचाई से खेती कर रहा है। जिसमें गन्ना और धान की फसल कर रहा है। उन्होंने बताया कि पहले एक ट्यूबवेल से 8 घंटे में एक एकड़ में पानी फिरता था लेकिन अब सूक्ष्म सिंचाई के कारण एक घंटे में पांच एकड़ फसल

# साप्ताहिक सूचना पत्र

में पानी फिरता है। इससे पानी के साथ बिजली की भी बचत हो रही है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सूक्ष्म सिंचाई से भविश्य की आने वाली पीढ़ियों को पानी मिलेगा।पानी हमारी विरासत है और इसे अगली पीढ़ी को देकर जाना हमारा दायित्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल ही जीवन है और हमें भावी पीढ़ी के लिये जल बचाकर रखना होगा। यह आज चुनौती बन गया है। उन्होंने कहा कि तीसरा विश्वयुद्ध शायद जलयुद्ध ही होगा। इसलिये हमें पानी के हर बूंद का उपयोग करना होगा। कहा भी गया है कि बूंद से बूंद से घड़ा भरे और बूंद बूंद से सागर भरता। इसी को ध्यान रखते हुये प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वन ड्रोप मोर क्रोप का आह्वान किया था और मुझे खुशी है कि हरियाणा ने प्रधानमंत्री के इस विजन को आगे बढ़ाया है।

इसके आलावा मुख्यमंत्री जी ने पंचकुला के लिए 11 परियोजनाओं का शिलान्यास। भी किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पंचकूला विकास के लिये नई रूपरेखा तैयार की गई है तथा पंचकूला महानगरीय विकास प्राधिकरण का गठन भी किया है। आज जिन 11 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है वह जिला के विकास के लिये मील का पत्थर साबित होगी। यह परियोजनाएं 5540.23 लाख रुपये की है। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उनमें पंचकूला–मोरनी–नीमवाला सड़कमार्ग का सुदृढ़ीकरण थापली–भुजकोटी वायां भोज धारला, भोज पीपला सड़कमार्ग मोरनी से बड़ीसेर वायां खरटीया, मंडलाय से भावड़ी वायां खरटीया सड़कमार्ग का अपग्रेडेशन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिंजौर का पोलिक्लिनिक में अपग्रेडेशन, तांगड़ा, कांगन से तांगड़ा हरिसिंह नहर का सुदृढ़ीकरण, राजकीय मॉडल सीरियर संस्कृति स्कूल बतौड़ में लड़को व लड़कियों के लिये शौचालय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिंजौर में 15 नये कमरों का निर्माण शामिल है। इसके अलावा नगर निगम पंचकूला के वार्ड नंबर 4 के तहत सेक्टर–8, 9, 10, वार्ड नंबर 5 के तहत सेक्टर–15 की बिटुमिनस सड़के तथा समनवाला से बिचपड़ी तक के लिंक रोड़ का शिलान्यास शामिल है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## शहरी स्थानीय निकाय विभाग की समीक्षा बैठक
(दिनांक 29.06.22)




**विषय: शहरी स्थानीय निकाय विभाग की समीक्षा बैठक।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज नगर निकाय के सभी अधिकारीयों के साथ निकाय के कार्यों के संबंध समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री जी ने सभी शहरी स्थानीय निकायों को सितंबर महीने तक सभी शहरी क्षेत्रों में जहां–जहां पार्किंग हैं वहां पर मार्किंग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इससे शहरों की सुदंरता बढ़ने के साथ–साथ लोगों को वाहन खड़े करने में भी सुविधा होगी। इसके साथ–साथ शहरों में मल्टीलेवल पार्किंग बनाए जाने के लिए एक कार्य योजना बनाने के लिए भी आदेश दिए। मुख्यमंत्री जी ने सभी जिला नगर आयुक्तों को निर्देश दिए कि वे राज्य सरकारों की तरह शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी)

# साप्ताहिक सूचना पत्र

का भी बजट तैयार करें और इसे परिवार पहचान पत्र के डाटा से लिंक करें ताकि शहरों की मौजूदा जनसंख्या अनुसार बजट आबंटित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार पहचान पत्र से लिंक होने के बाद इसमें और ज्यादा पारदर्शिता आएगी। विकास को प्राथमिकता देते हुए सभी यूएलबी अपना बजट तैयार करके पोर्टल पर अपलोड करें।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमें शहरों की साफ–सफाई पर और ज्यादा ध्यान देना चाहिए। स्वच्छता से जुड़ा एक पोर्टल तैयार किया जाए। निगम को अलग–अलग जोन में बांटा जाए और अलग–अलग इलाकों में सफाई के लिए इंचार्ज बनाए जाएं। यह इंचार्ज प्रतिदिन व्यक्तिगत स्तर पर शहर में सफाई पर अपनी रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करें। इसके बाद भी किसी स्थान पर सफाई न होने की शिकायत आती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि निगम के कार्यों और परक्रियाओं को पूरी तरह आनलाइन किया जाए। कोई भी कार्य मैनुअल या फाइलों के माध्यम से न किया जाए। इसके साथ–साथ निगम कार्यालयों में सीसीटीवी लगाए जाएं तो चारों तरफ नजर रखें। इससे कार्यालयों में पारदर्शिता आएगी और जनता के काम भी निर्विघ्न रूप से होंगे।

साथ ही उन्होंने कहा कि गांवों की तरह शहरों में ड्रोन मैपिंग करवाई जाएगी। सभी कॉलोनियों का सर्वे करवाया जाएगा। सभी यूएलबी यह विशेष रूप से ध्यान रखें कि उनके क्षेत्रों में कोई भी अवैध कॉलोनी न बसाई जाए और अवैध प्रॉपर्टी की पहचान की जाए। इसके लिए जो भी प्लॉनिंग करनी है, विभाग द्वारा वह प्लॉनिंग की जाए। मुख्यमंत्री जी ने स्वामित्व योजना का कार्य भी तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। नगर दर्शन पोर्टल के माध्यम से शहरी क्षेत्रों की समस्याओं को पोर्टल पर डालने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने बैठक में हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया ग्रिवेंसिज, प्रॉपर्टी टेक्स आदि की भी समीक्षा की।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## कुरुक्षेत्र (ज्योतिसर) में भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप की प्रतिमा का लोकार्पण

(दिनांक 30.06.22)



**विषय: कुरुक्षेत्र (ज्योतिसर) में भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप की प्रतिमा का लोकार्पण।**

**प्रभाव:** आज हरियाणा के कुरुक्षेत्र में ज्योतिसर की पावन धरा पर शंखनाद और मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री कृश्ण के विराट स्वरूप की प्रतिमा का लोकार्पण हुआ। राश्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक माननीय श्री डॉ मोहन भागवत जी ने हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री जी और गीता ज्ञान संस्थान स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति में गीता ज्ञान संस्थान से वर्चुअल माध्यम से रिमोट का बटन दबाकर प्रतिमा का लोकार्पण किया। यह अद्भुत प्रतिमा 40 फुट ऊंची है, जिसका वजन 35 टन के करीब है। इसकी विशेश बात यह है कि इसे 4 प्रकार की धातुओं के मिश्रण से बनाया गया है, जिसमें 85 प्रतिशत तांबा और 15 प्रतिशत अन्य धातुओं का प्रयोग किया



गया है। इस विराट स्वरूप में भगवान श्री कृश्ण के 9 स्वरूपों को दर्शाया गया है। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप और विश्वस्वरूप के बीच की यात्रा को एक लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से दर्शाया गया।

उल्लेखनीय है कि कृष्ण सर्किट परियोजना के प्रथम स्थल ज्योतिसर के जीर्णोद्धार के पहले चरण के तहत भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप की प्रतिमा का अनावरण किया गया है। इसके साथ ही ज्योतिसर में विश्वस्तरीय ज्योतिश्वर अनुभव केंद्र की रचना की जा रही है, जिसके अगले एक साल में तैयार होने की संभावना है।

यह केंद्र पाँच भवनों में विभाजित होगा। इसके पहले भवन में महाभारत के युध्द से पूर्व की घटनाओं की जानकारी मिलेगी। अगले भवन में 18 आइनो में युध्द के 18 दिनों की घटनाएं देखने को मिलेंगी। इसके अलावा, इंटरएक्टिव पॉड से गीता में लिखित जीवन की समस्यों का समाधान जान सकते हैं। पांचवें भवन में युध्द के बाद की घटनाओं जैसे युधिष्ठिर का राज्याभिषेक इत्यादि की जानकारी मिलेगी। यह केंद्र देश व दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गीता संगोष्ठी

(दिनांक 30.06.22)



**विषय: गीता संगोष्ठी।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने कुरूक्षेत्र पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक माननीय डॉ मोहन भागवत जी की गरिमामय उपस्थिती में। गीता संगोष्ठी में भाग लिया।

माननीय सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत जी ने कहा कि सृष्टि की समस्याओं का उत्तर देने वाला और संपूर्ण मानवता की समस्याओं का समाधान करने वाला तथा कभी फीका न पड़ने वाला सुख का ज्ञान श्रीमद्भगवद् गीता में है, जिसे हर मानवजाति को समझने की जरूरत है। गीता के इस ज्ञान के कारण ही धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र महाभारत की धरती के अलावा अबसे विश्व में गीता की अवस्थली (लैंड ऑफ गीता) के रूप में जाना जाएगा।

उन्होंने कहा कि गीता किसी एक धर्म का ग्रंथ नहीं है बल्कि संपूर्ण दुनिया को मानवता का सार देने वाला ग्रंथ है। हिंदू परंपरा को यद्यपि गीता मिली है लेकिन उस पर किस प्रकार का कोई पेटेंट नहीं

# साप्ताहिक सूचना पत्र




है, यह तो विश्वधर्म है। सृश्टि में जब तक मानव जाति विद्यमान है तब तक गीता की प्रासंगिकता रहेगी। 5155 साल पहले इस भूमि पर इन बातों को बताया गया। इस ढंग से सृष्टि की समस्याओं का उत्तर देने वाला, सारी मानवता की समस्याओं का समाधान निकालने वाला ज्ञान गीता में है।
इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण जी द्वारा गीता के माध्यम से दिया गया जीवन जीने का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है।
साथ ही उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण जी के विराट स्वरूप का आज अनावरण होना बड़े ही सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि गीता का जो महत्व सारे विश्व में है, मानवता के लिए इससे बड़ा ग्रंथ कोई और नहीं हो सकता।
इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्री कृष्ण जी के विराट स्वरूप के अलावा विश्व स्तरीय संग्रहालय भी बनाया जा रहा है। इस संग्रहालय सहित अन्य कार्यों पर लगभग 200 करोड रुपए का खर्च आएगा। इस संग्रहालय में महाभारत और सरस्वती सभ्यता की व्याख्या होगी। संग्रहालय में लाइट एंड शो के माध्यम से गीता का संदेश दिया जाएगा जो वास्तव में देश और दुनिया के लोगों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनेगा।
और अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव की तरह श्री कृष्ण उत्सव भी मनाया जाएगा।
ज्योतिश्वर की पावन धरा का अपना एक महत्व है। धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की नगरी का विकास करने के लिए कुरुक्षेत्र डेवलपमेंट बोर्ड का गठन किया गया। इस बोर्ड द्वारा 48 कोस सर्किट के तहत 164 स्थानों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इन स्थानों पर स्थित मंदिरों और सरोवरों को विकसित किया जा रहा है। जिस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का भव्य तरीके से आयोजन किया जाता है उसी प्रकार आने वाले समय में श्री कृष्ण उत्सव भी मनाया

जाएगा। कृष्णा सर्किट योजना के तहत हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र को ऐसा तीर्थ स्थल बनाया जा रहा है, जो आकर्षण का केंद्र बनेगा। कुरुक्षेत्र में तिरुपति बालाजी का एक मंदिर बन रहा है। इस्कॉन मंदिर, अक्षरधाम मंदिर बन चुके हैं। गीता ज्ञान संस्थानम भी गीता के ज्ञान के प्रसार के लिए बहुत बड़ा संस्थान बनने वाला है। यहां रिसर्च का काम भी चल रहा है। इतना ही नहीं, गीता के श्लोकों को दसवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।

उन्होंने कहा की कुरुक्षेत्र को लैंड ऑफ श्री कृष्ण बनाना होगा।

## पंजाब व हरियाणा के दिग्गज कलाकारों से मुलाकात

(दिनांक 01.07.22)



**विषय: पंजाब व हरियाणा के दिग्गज कलाकारों से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंजाब और हरियाणा के संगीत जगत के विभिन्न कलाकारों से मुलाकात की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा सरकार फिल्म निर्माताओं एवं कलाकारों की सुविधाओं के लिए फिल्म एवं एंटरटेनमेंट पॉलिसी बना रही है। इसके अलावा, पिंजौर में लगभग 60–70 एकड़ भूमि फिल्म सिटी के लिए चिह्नित की गई है। इस फिल्म सिटी के माध्यम से विशेष तौर पर हरियाणा और पंजाब की संस्कृति को



बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। हरियाणा सरकार कलाकारों के साथ है, उनके हित के लिए आगे भी कार्य करते रहेंगे, कलाकारों को हरियाणा में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पंजाब–हरियाणा पहले एक ही प्रांत हुआ करता था, बाद में 1966 में हरियाणा अस्तित्व में आया। उस समय लगता था कि पंजाब बहुत विकसित है, हरियाणा विकास की राह पर कैसे आगे बढ़ पाएगा। लेकिन हरियाणावासियों के संघर्श और उनकी मेहनत के बलबूते आज हरियाणा विकास के मामले में पंजाब से कहीं आगे निकल चुका है। भारतीय सेना में संख्या बल के मामले में भी हरियाणा पंजाब से आगे है।

समाज को सही दिशा दिखाने में कलाकार की अहम भूमिका भूमिका होती है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज विश्व पटल पर भारत की जो छवि बनी है, उससे बड़े–बड़े देश भी अब यह मानने लगे हैं कि भारत ही दुनिया को शांति और सद्भाव की राह दिखा सकता है। इसलिए समाज को सही दिशा दिखाने में एक कलाकार की बहुत अहम भूमिका होती है, क्योंकि कलाकार किसी जाति या प्रांत का नहीं होता, उसकी पहचान सिर्फ एक कलाकार के तौर पर होती है। कलाकारों को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते हुए आमजन को देश व समाज सेवा के प्रति जागरूक और प्रेरित करते रहना चाहिए।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## राष्ट्रपति चुनाव

(दिनांक 01.07.22)




**विषय: राष्ट्रपति चुनाव।**

**प्रभाव:** आज राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी ने हरियाणा के सांसदों व विधायकों से समर्थन की अपील की। वह आज प्रचार करने के लिए चंडीगढ़ पहुंची।

हरियाणा पहुंचने पर मुख्यमंत्री जी ने पूरे प्रदेश की जनता की ओर से उनका स्वागत किया।

इसके साथ ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जी धनखड़, जननायक जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष श्री निशान सिंह समेत हरियाणा के सभी लोकसभा व राज्यसभा सांसदों, मंत्रियों व भाजपा, जजपा विधायकों ने उनका स्वागत किया।

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी ने अपने पक्ष में समर्थन की अपील करते हुए कहा कि हरियाणा वीरों और शहीदों की भूमि होने के साथ–साथ श्रीमद्भगवद्गीता की स्थली है। इस राज्य ने हर क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी है। एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति के पद की उम्मीदवार बनाकर

# साप्ताहिक सूचना पत्र

एनडीए ने अपनी नीति स्पष्ट कर दी है। उन्होंने कहा कि एक आदिवासी महिला के रूप में मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे इस पद का उम्मीदवार बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के सर्वोच्च पद का उम्मीदवार बनाकर "सबका साथ सबका विश्वास" के नारे को सिद्ध कर दिया है। मैंने महिला, गरीब, आदिवासियों के लिए काम किया है। जिंदगी में जो भी चुनौती आई है, उसे स्वीकार किया है और हमेशा अच्छा बनने का प्रयास किया है। मैं राष्ट्रपति पद की गरिमा बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा से काम करूंगी। श्रीमति मुर्मू जी ने कहा कि मैं देश के लिए हमेशा काम करने के लिए तैयार थी, हूं और रहूंगी। उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि हरियाणा में भाजपा, जजपा के अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन तो मिलेगा ही, इसके साथ–साथ अन्य पार्टियों के विधायक एवं सांसद भी उन्हें समर्थन देंगे। इस अवसर माननीय मुख्यमंत्री जी ने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का स्वागत करते हुए कहा एनडीए द्वारा उन्हें राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जाना बेहद प्रसन्नता का विषय है। राष्ट्रपति पद का दायित्व संविधान के कार्यपालक का होता है। संविधान की तरफ वही वर्ग देखता है, जिसे यकीन होता है कि संविधान हमारी सुरक्षा करता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनजाति वर्ग से श्री द्रौपदी मुर्मू पहली राष्ट्रपति उम्मीदवार हैं। श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी ने जनजातीय समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने व जनप्रतिनिधि के रूप में लम्बे समय तक जनसेवा करते हुए सार्वजनिक जीवन में अपनी विशिष्ठ पहचान बनाई है। द्रौपदी जी का जीवन–संघर्श और उनका परिश्रम अतुल्य है। इसी को देखते हुए एनडीए द्वारा उन्हें राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया है, यह हमारे लिए गर्व की बात है। श्री मुर्मू का जीवन समाज सेवा और गरीबों, दलितों के साथ–साथ हाशिए पर खड़े लोगों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित रहा है। राजनीति के साथ–साथ उनके पास समृद्ध प्रशासनिक अनुभव भी है। इन क्षेत्रों में उन्होंने उत्कृष्ट कार्य किया है। मुख्यमंत्री जी ने उन्हें आश्वासन दिलाया कि समर्थक संख्या के सभी वोट तो उन्हें मिलेंगी ही, इसके साथ–साथ अतिरिक्त वोट दिलाने का भी पूरा प्रयास करेंगे।